# बिना लाइसेंस चल रही थी मसाला फैक्ट्री, खाद्य पदार्थों का विक्रय तत्काल कराया बंद

- मिलावटखोरों पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई
- सहज इंटरप्राइजेज बिना खाद्य लाइसेंस के चलते पाई गई परिसर में

**इंदौर. बिना लाइसेंस चल रही मसाला फैक्ट्री पर पालदा में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की. परिसर में खाद्य पदार्थों का विक्रय तत्काल बंद कराया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे. उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए, सहज एंटरप्राइजेज उद्योग नगर, पालदा का औचक किया गया. परिसर में प्रतिष्ठान प्रभारी युवराज राजानी उपस्थित थे. मौके पर बिना खाद्य लाइसेंस प्राप्त किये मसाला निर्माण का कार्य किया जा रहा था. संपूर्ण निर्माण इकाई में अस्वच्छ परिस्थितियां मिली. खाद्य पदार्थों का भंडारण अस्त व्यस्त पाया गया. प्योर इंदौरी रेड चिली पाउडर, प्योर इंदौरी कोरिएंडर पाउडर, प्योर इंदौरी टर्मरिक पाउडर, प्योर इंदौरी हींग युक्त जीरावन, राम बंधु मैंगो पिकल के नमूने जांच हेतु लिये गए. प्रतिष्ठान की अनुज्ञप्ती न होने के कारण परिसर में खाद्य पदार्थों का विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया. खाद्य सुरक्षा एवं मानव अधिनियम 2006 के अंतर्गत बिना अनुज्ञप्ति का प्रकरण नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात सम्बंधित के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा.




### शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## अमानक घी पैक करने वाले विक्रेता पर एफआईआर

- 30 अक्टूबर को पल्हर नगर क्षेत्र में की गई थी कार्रवाई

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे. उन्हीं निर्देशों के अनुपालन कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम गत 30 अक्टूबर को बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मिलावटी घी जब्त किया गया था. पल्हर नगर 60 फीट रोड स्थित एक मकान पर की गई कार्यवाही में जिसमें गिरिराज गुप्ता रहते थे वे मल्हारगंज में प्रभुश्री ट्रेडर्स के नाम से दुकान चलाते हैं. उनके घर पर लगभग 600 लीटर वनस्पति तेल एसेंस एवं घी पाया गया था. विभिन्न ब्रांड जैसे सांची, अमूल, नोवा, मालवा के रैपर एवं आउटर कवर मिले थे, जिसमें उनके द्वारा बनाया हुआ घी पैक किया जाना पाया गया था. मौके से घी तेल एसेंस के 6 नमूने लिए गए थे. मौके पर 29 डब्बे वनस्पति, 13 डिब्बे तेल, 3 डिब्बे घी एवं 5 बोतल एसेंस एवं 350 रेपर सांची नोवा अमूल एवं मालवा के पाए गए. निरीक्षण के दौरान लिए गए विभिन्न ब्रांड के एवं संग्रहित लूज घी के नमूनों को विस्तृत जांच हेतु खाद्य विश्लेषक को भेजा गया था तथा उक्त संस्थान से लगभग 600 लीटर घी, तेल जब्त किया गया था. घटनास्थल पर अमूल, साँची, नोवा और मालवा घी के खाली रैपर पाए गए थे. संबंधित विक्रेता द्वारा अनाधिकृत रूप से उन कंपनियों के पैकेट खुद पैक किया जाना प्रतीत होना पाया गया. नमूनों की जांच रिपोर्ट अमानक स्तर की आने पर तथा आमजन के साथ की जाने वाली धोखाधड़ी के कारण 25 नवंबर 2025 को संबंधित विक्रेता के विरुद्ध एरोड्रम थाना में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई.




### कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी के विरुद्ध इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी.

# दो पहिया वाहन से कर रहा था शराब की होम डिलेवरी

- आबकारी विभाग ने की सख्त कार्रवाई, विदेशी मदिरा व वाहन जब्त
- एक अन्य मामले में अवैध विदेशी मदिरा सहित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**इंदौर. जिले में शराब के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर सतत कार्रवाई की जा रही है. उक्त कार्रवाई में दोपहिया वाहन और बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसका मूल्य एक लाख रुपये से अधिक है. आबकारी विभाग के अमले ने शराब की अवैध रूप से की जा रही होम डिलीवरी का मामला भी पकड़ा.**

सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई. वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-1 में आबकारी उप निरीक्षक आशीष जैन के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान चोइथराम मंडी के समीप ग्रे रंग की जुपिटर वाहन (एमपी09-डीएम- 6019) से अवैध शराब की होम डिलीवरी करते हुए आरोपी हर्ष पिता दिलीप निवासी बिजलपुर को पकड़कर उसके कब्जे़ से एक पेटी विदेशी मदिरा बरामद की गई. जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 75 हजार रुपये है.



### दबिश देकर पकड़ा एक और आरोपी

एक अन्य मामले में आबकारी विभाग के वृत्त बालदा कॉलोनी एवं बॉम्बे बाजार प्रभारी मीरा सिंह की टीम द्वारा शहरी क्षेत्र में अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई. मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर चोइथराम चौराहा से आगे एबी रोड पर दबिश देकर एक सार्वजनिक परिवहन तीन पहिया ऑटो वाहन से अवैध परिवहन की जा रही एक बैग एवं एक अटैची में कुल 24 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गई। इस दौरान आरोपी गौरव मालवीय पिता जगदीश निवासी सेजावत जिला रतलाम को गिरफ्तार किया गया. जब्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 32 हजार 334 रुपये है. दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. उक्त कार्रवाई कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं उड़नदस्ता प्रभारी श्री कमलेश सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा।




# अहिल्याश्रम क्रमांक-2 को गौरवान्वित करने वाली छात्राओं का सम्मान

**इंदौर. शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्रमांक-2 में आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में विद्यालय की खेलकूद-सांस्कृतिक-कला और शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गौरवान्वित करने वाली छात्राओं का सम्मान वार्षिकोत्सव में किया गया.**

विद्यालय के प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि दीपशिखा त्रिलोकसिंह रघुवंशी, हिना राकेश पंवार, प्रगति जयकुमार बर्डे, नेहा गुप्ता, सृष्टि रघुवंशी, मुस्कान वर्मा, शिक्षा प्रजापत, कनक राजपूत, उन्नति चौरसिया एवं नंदिनी राय एकाधिक विधाओं में अपनी योग्यता को साबित कर विद्यालय का नाम रोशन किया.

इसी कार्यक्रम में विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे प्राचार्य दीपक हलवे को छात्राओं के द्वारा गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई दी गई. संचालन स्मिता जैन एवं आभार सुषमा राठौर ने माना.

### एक नजर में

## लायंस क्लब द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस पर कार्यशाला




**इंदौर.** ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारी होने पर उसका बचाव कैसे करें और क्या सावधानी रखें इसकी एक कार्यशाला लायंस क्लब द्वारा अपोलो हॉस्पिटल विजय नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई. इसमें सुप्रसिद्ध जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन तथा अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के सीनियर ऑर्थोपेडिक कंसलटेंट डॉ सुनील राजन ने अपने उद्बोधन में सभी लायंस सदस्यों को प्रेजेंटेशन के द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारी के समाधान पर प्रकाश डाला और किस तरीके से आज हम जोड़ प्रत्यारोपण के क्षेत्र में नवीनतम रोबोटिक सर्जरी द्वारा लाभ पहुंचा रहे है, इसके बारे में बताया. सेमिनार में गेट वाइस एरिया लीडर लायन डॉक्टर कुलभूषण मित्तल, पीडीजी लायन एसपी नामदेव, कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सिद्धार्थ बंसल, मेंटल वैलनेस चेयरपर्सन मुरली अरोड़ा, इमेज बिल्डिंग चेयर पर्सन दिनेश रणधर और वरिष्ठ लायन सदस्यों की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल द्वारा लायन पिन से डॉक्टर सुनील राजन को सम्मानित किया गया. सेमिनार में सदस्यों द्वारा कई सवालों का समाधान डॉ सुनील राजन द्वारा किया गया. दिनेश रणधर ने अपोलो हॉस्पिटल के मैनेजमेंट तथा डॉ सुनील राजन का आभार माना.

## गोकुलदास हॉस्पिटल में अब लीडलेस पेसमेकर

**इंदौर.** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, गोकुलदास हॉस्पिटल के अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष के जैन और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक बिना चीरा लगाए लीडलेस पेसमेकर इम्प्लांटेशन की प्रक्रिया को अंजाम दिया है. यह अत्याधुनिक तकनीक पारंपरिक पेसमेकर प्रक्रिया की तुलना में मरीजों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और तेजी से रिकवरी प्रदान करती है. इस सफल इम्प्लांटेशन के बारे में डॉ. आशीष के जैन ने कहा परंपरागत पेसमेकर इम्प्लांटेशन में छाती की त्वचा पर चीरा लगाकर एक पॉकेट बनाई जाती है, जिसमें डिवाइस को रखा जाता है और हृदय तक तार (लीड) पहुंचाए जाते हैं. इस प्रक्रिया में संक्रमण, लीड संबंधी जटिलताएं और लंबे अस्पताल प्रवास का जोखिम बना रहता है. लीडलेस पेसमेकर तकनीक हृदय रोगियों के लिए एक बड़ी राहत है. यह न केवल सुरक्षित है, बल्कि मरीजों की रिकवरी भी बेहद तेज होती है. विशेष रूप से इसकी लगभग 25 वर्ष की बैटरी लाइफ मरीजों को दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती है, जो पारंपरिक पेसमेकर के मुकाबले कहीं अधिक है. इसी उपलब्धि पर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुश भगत ने कहा लीडलेस पेसमेकर उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जिन्हें संक्रमण का जोखिम अधिक होता है या जिनकी त्वचा पर चीरा लगाना जटिल हो सकता है.

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी57 पॉवर

**इंदौर.** मोटोरोला, ने आज 12,999 रुपये में अपना सर्वश्रेष्ठ बजट फोनट्ट मोटो जी57 पॉवर लॉन्च करने की घोषणा की. यह डिवाइस शक्तिशाली दुनिया के पहले स्नैपड्रैगन 6एस जेन 4 प्रोसेसर के साथ बजट श्रेणी को फिर से परिभाषित करता है, जो श्रेणी में सर्वोत्तम परफॉर्मेंस और मल्टी-टास्किंग के लिए है, इसमें बेहतरीन फोटोग्राफी अनुभव के लिए सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50एमपीसोनी लीटिया 600 कैमरा, स्लिमर डिजाइन के लिए सेगमेंट की सबसे अधिक 7000एमएएच सिलिकॉन कार्बन बैटरी दी गई है. टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोटोरोला इंडिया ने कहा, मोटो जी57 पॉवर लॉन्च करके हम सस्ते स्मार्टफोन की दुनिया में नया स्तर तय कर रहे हैं. यह फोन दुनिया का पहला स्नैपड्रैगन 6एस जेन 4 प्रोसेसर, मोटो एआई से चलने वाला श्रेणी का सबसे अच्छा 50एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा, और 60 घंटे तक चलने वाली बड़ी 7000एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी सबको एक साथ लाता है. यह नया एंड्रॉयड- 16 भी बॉक्स से बाहर ही मिलेगा. मोटोरोला का लक्ष्य नई-नई तकनीक को सबके लिए आसान बनाना है, और मोटो जी57 पॉवर इसी वादे का सबूत है. यह कोई साधारण फोन नहीं, बल्कि ताकत, मजबूती और असली नई सुविधाओं का ऐलान है- वो भी सिर्फ 12,999 रुपये की कम कीमत पर.

# सात दिन में करवाएं रिटायर्ड शिक्षिका का भुगतान

- जनसुनवाई में सवा 200 से अधिक समस्याओं का त्वरित निराकरण
- कलेक्टर ने जनसुनवाई में दिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश



**इंदौर.** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के तहत आज कलेक्टर कार्यालय में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं. कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रत्येक आवेदक की पीड़ा को धैर्यपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा अधिकतर समस्याओं का हाथों-हाथ समाधान सुनिश्चित कराया. आज की जनसुनवाई में लगभग सवा 200 आवेदकों ने अपने आवेदन दिए, जिनमें से अनेक प्रकरणों का तुरंत निराकरण किया गया. जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें तय समय सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया.

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री वर्मा से इंदौर लोहा मंडी व्यापारी परमार्थिक ट्रस्ट द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालकों ने भवन के कुछ भाग में अवैध कब्जे की शिकायत की. कलेक्टर श्री वर्मा ने एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए. शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य प्रतिभा शुक्ला के पुत्र ने ग्रेच्युटी एवं समयमान वेतन लंबित होने की शिकायत प्रस्तुत की. कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई कर 7 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. छोटा बागड़दा निवासी एक महिला की जीविकोपार्जन हेतु सहायता मांगने पर कलेक्टर श्री वर्मा ने 25 हजार रुपये की सहायता रेडक्रॉस से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए. सुख शांति नगर निवासी वृद्धा कस्तूरीबाई ने पौत्र-पौत्रियों द्वारा मकान पर अवैध कब्जे व इलाज के पैसे न दिए जाने की शिकायत की. कलेक्टर ने प्रकरण को मध्यस्थता केंद्र को भेजने के निर्देश दिए. एक अन्य महिला को 15 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता स्वीकृत की गई. खत्री खेड़ी गांव के एक बालक के किडनी उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक व्यवस्था कर आर्थिक सहयोग देने के निर्देश दिए गए.

### साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि लंबित रहे प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी ताकि कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहे. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया.



# अवध समाज साहित्यिक संगठन की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

- समाजसेवी राहुल निहोरे एवं कवि अशोक त्रिवेदी सम्मानित

**इंदौर.** अवध समाज साहित्यिक संगठन द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा समाजसेवी राहुल निहोरे एवं कवि अशोक त्रिवेदी को सम्मानित किया गया.

काव्य गोष्ठी का संचालन पंडित भानु ओझा द्वारा किया गया. उन्होंने अपने प्रभावी संचालन से कार्यक्रम को सरस और सुमधुर बनाया. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया. उपस्थित अतिथियों ने साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण को सराहनीय बताया. कार्यक्रम में विवेक सेठ, मदन परमालिया, सलीम शेख, जगदीश सतौइया, मदन नगवंशी, आनंद मरमत, रुपेश लोदवाल, रमेश गोमे, प्रकाश कुंवाल, कपिल जारवाल, राजकुमार लोदवाल, मीना श्रीवास्तव, हरी मरमट, हिरालाल वर्मा, ललित शर्मा, गणेश वर्मा, पूनम यादव, अकबर शेख, विजय बोरासी, अनिल निहोरे, सुनील धावने, सायर साकिर नक्सबंदी, शायर ब्रज मोहन शर्मा, देवेंद्र साहू, हरीश गोहर देवासी तथा कवि बालक नाथ सहित अनेक साहित्य-प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. अवध समाज साहित्यिक संगठन ने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई.

एक नजर में | अयोध्या के साथ ही इंदौर में भी सांसद के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज आरोहण में की सहभागिता

**इंदौर. अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर प्रांगण में धर्म ध्वजा के पुन:स्थापन का देशभर में व्यापक उत्साह देखने को मिला. इसी क्रम में इंदौर में भी इस ऐतिहासिक क्षण को विशेष रूप से मनाया गया, जहां सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

विद्याधाम मंदिर में हुए इस आयोजन में अयोध्या से हो रहे लाइव टेलीकास्ट को स्क्रीन के माध्यम से देखा गया. जैसे ही प्रधानमंत्री द्वारा धर्म ध्वजा स्थापित की गई, पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा. इंदौर में हुए इस कार्यक्रम की सबसे विशेष बात 200 से अधिक बटुकों द्वारा किया गया वैदिक ध्वजारोहण रहा। सांसद शंकर लालवानी व माँ राजजेश्वरी श्री विद्या ललिता देवी मंदिर के श्री चिन्मयानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज आरोहण में सहभागिता की. इस दौरान पूरा वातावरण शंखनाद, ढोल नगाड़ों और जय श्रीराम के उद्घोष से भावपूर्ण हो गया.



### सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक : लालवानी

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों को नए आत्मविश्वास के साथ पुन: स्थापित कर रहा है. अयोध्या में धर्म ध्वजा का पुन:स्थापन सिर्फ धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भारत की सनातन सभ्यता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है. इंदौर में भी हमने इस आयोजन के माध्यम से वही श्रद्धा और ऊर्जा अनुभव की है.



## गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में भी फहराई गई धर्म ध्वजा

**इंदौर.** गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान में आज अयोध्या के राम मंदिर में संपन्न हुई धर्म ध्वजा लहराने के ठीक उसी समय देवस्थान पर भी ध्वजारोहण किया गया. वेद मंत्रो के मध्य राम लला की जय जयकार के मध्य ध्वजारोहण किया गया. देवस्थान के ट्रस्टी पुरूषोत्तम पसारी व राम मूंदड़ा ने बताया कि 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में स्वामी घनश्यामाचार्य की प्रेरणा से भक्तों की उपस्थिति में पुजारी जी ने ध्वजारोहण का काम धार्मिक विधि विधान से पूर्ण किया. पुजारी ने मंत्रोच्चार के मध्य राष्ट्र देव भव का स्मरण भी किया. जय जय सियाराम के जयकारों के साथ आयोजन संपन्न हुआ. इस उत्सव के अवसर पर भगवान बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार भी किया गया था. महाआरती भी संपन्न हुई तथा प्रसाद वितरण भी किया गया. इस अवसर पर रजत परमार, मधु सोढ़ानी, उमेश नीमा व मनमोहन भराणी सहित श्रद्धालु भी उपस्थित रहे.